प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 105/2023)

तत्काल प्रकाशन के लिए

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण</u>

भादूविप्रा के पूर्व-परामर्श पत्र "राष्ट्रीय प्रसारण नीति" बनाने के लिए इनपुट प्रदान करना पर टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार ।

नई दिल्ली, **11 अक्टूबर 2023**: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 21 सितंबर 2023 को "राष्ट्रीय प्रसारण नीति" बनाने के लिए इनपुट पर एक पूर्व-परामर्श पत्र जारी किया था। पूर्व-परामर्श पत्र में उल्लिखित मुद्दों पर हितधारकों से टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2023 निर्धारित की गई थी।

2. उपर्युक्त पूर्व-परामर्श पत्र पर हितधारकों से टिप्पणियां प्राप्त करने की समय सीमा को बढ़ाने के संबंध में प्राप्त अनुरोधों को देखते हुए, टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को 31 अक्टूबर 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

3. टिप्पणियाँ अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में ईमेल आईडी advbcs-2@trai.gov.in और jtadvbcs-1@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं ।

4. किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सलाहकार (बीएंडसीएस) से टेलीफोन नंबर +91-11-23237922 पर संपर्क किया जा सकता है ।

(वी. रघुनंदन)
सचिव, भादूविप्रा